Title: Need to declare Sheohar, Motihari and Sitamarhi as drought affected districts in Bihar.

श्री सीताराम सिंह (शिवहर) : सभापति महोदय, बिहार में पूर्ण रूप से सूखा पड़ गया है। पिछले वर्ष वहां काफी बाढ़ आई थी। इस वर्ष पूर्ण बिहार सूख गया है। मैं विशेष कर अपने क्षेत्र का उल्लेख करना चाहता हूं। मैं अभी अपने लोक सभा क्षेत्र घूम कर आया हूं जिस में शिवहर, मोतिहारी और सीतामढ़ी जिला हैं। खेतों में दरार पड़ रही है। सम्पूर्ण किसानों की फसल सूख गई है। आगे खेती के लिए कोई उपाय भी नहीं है। महोदय, स्थिति काफी भयंकर हो गई है। आज की स्थिति में ऐसा लगता है जैसे बिहार में लू चल रही है। लू से लोग काफी परेशान हो रहे हैं। मैं मुख्य रूप से भारत सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि आज की तारीख में बिहार को सूखे से निपटने के लिए और उसकी भरपाई के लिए विशेष पैकेज वहां के किसानों और गरीबों के लिए देना चाहिए।